# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.11.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में अवैध घुसपैठ के खिलाफ सख्त कारवाई के दिए निर्देश : सभी जिलों में घुसपैठियों के लिए बनाए जाएंगे अस्थायी डिटेंशन सेंटर।
2. केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह लखनऊ में चल रहे 26 वें अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधीश सम्मेलन में आज हुए शामिल : कहा– वर्ष 2035 तक अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन स्थापित करेगा भारत।
3. विशेष गहन पुनरीक्षण को सफल बनाने के लिए निर्वाचन आयोग का अभियान जारी, उन्नाव में बनाई गई हेल्पडेस्क : पीलीभीत में बेहतरीन काम करने वाले बीएलओ को कराई जाएगी टाइगर रिजर्व की सैर। और
4. 61 साल बाद लखनऊ में कल से शुरु होगी स्काउट्स और गाइड्स की 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी : सात दिवसीय आयोजन में शामिल होंगे देश विदेश से आए 33,000 से अधिक प्रतिनिधि।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को अवैध घुसपैठ पर त्वरित और सख्त कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक समरसता सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक जिला प्रशासन अपने क्षेत्र में रहने वाले अवैध घुसपैठियों की पहचान सुनिश्चित करे और नियमानुसार कार्रवाई शुरू करे। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया है कि घुसपैठियों को रखने के लिए प्रत्येक जनपद में अस्थायी डिटेंशन सेंटर बनाए जाएं।

——————————

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी व पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने लखनऊ में चल रहे 26 वें अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधीश सम्मेलन के आज के सत्र का उद्‌घाटन किया। उन्होंने कहा कि भारत के अंतरिक्ष मिशन ने नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2035 तक भारत अंतरिक्ष में खुद का अंतर्राष्ट्रीय स्टेशन स्थापित करेगा। बाइट....

*वह हमारी जो कल्पना और हमारी जो योजना है अगर हम सही तरीके से उसकी जो हमारी समय सीमा है जो हमारी टाइम लाइन में है अगर हम उस पर कायम रह पाए तो संभवत 2035 तक हमारा एक अपना इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन होगा जिसका नाम होगा भारतीय स्पेस स्टेशन और 2040 तक भारतीय मूल का एक मालिक चांद की धरती पर उतर पाएगा।*

इस कायक्रम में लखनऊ निवासी और अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भी मौजूद रहे। श्री शुक्ला ने भी सत्र को संबोधित किया।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज प्रयागराज पहुंचे और माघ मेले की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि माघ मेला 2026 की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है। श्री योगी ने बताया कि मेले को 800 हेक्टेयर में बसाने की कार्रवाई हो रही है। उन्होंने कहा कि कल्पवासियों और श्रद्धालुओं के साथ पूरे आयोजन को भव्यता–दिव्यता के साथ संपन्न करेंगे। बाइट..

*टेंट सिटी का निर्माण भी यहां पर इस दौरान किया जा रहा है। मेरा पूरा विश्वास है कि सभी संबंधित रेलवे, आर्मी इन सब के साथ भी आज यह बैठक यहां पर संपन्न हुई है और सभी के स्तर पर मेला की प्रगति युद्ध स्तर पर है। मुझे पूरा विश्वास है कि माघ मेला अपनी एक नई ऊंचाई तक पहुंच करके उन सभी श्रद्धालुओं को जो कल्प वास करने के लिए आते हैं, अपने संकल्प और साधना को आगे बढ़ाते हैं। उन श्रद्धालुओं के साथ–साथ इस पूरे आयोजन को हम लोग पूरी भव्यता के साथ दिव्यता के साथ संपन्न कर पाएंगे।*

——————————

प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर प्रक्रिया चल रही है। बीएलओ मतदाताओं को एसआईआऱ गणना प्रपत्र वितरित कर भरे हुए प्रपत्र वापस ले रहे हैं। चुनाव आयोग और प्रशासन की तरफ से लगातार मतदाताओं से एसआईआऱ फॉर्म समय से भरने की अपील की जा रही है। इसी क्रम में देवरिया की ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा ने

आज मतदाताओं को एसआईआऱ भरने का तरीका बताया। उन्नाव जिले में एसआईआर को लेकर हेल्पडेस्क बनाया गया है। अमरोहा की जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज हसनपुर विधानसभा में कई बूथों पर बीएलओ द्वारा किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। पीलीभीत जिले में एसआईआर में प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में डिजिटाइजेशन का काम समय से पूरा करके प्रथम आने वाले बीएलओ को परिवार सहित पीलीभीत टाइगर रिजर्व की सैर सफारी गाड़ियों से कराई जाएगी। पेश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट..

*बीएलओ को प्रोत्साहित करने के लिए पीलीभीत में जिला प्रशासन ने अनूठी पहल की है। बेहतरीन काम करने वाले बीएलओ को परिवार सहित टाइगर रिजर्व जंगल की सैर कराई जाएगी। सरकारी मेहमान के रूप में चूका पिकनिक स्पॉट पर भोजन मिलेगा। जिला प्रशासन की तरफ से मूवी के टिकट उपलब्ध कराए जायेंगें और प्रशस्ति पत्र भी दिया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रसून द्विवेदी द्वारा आदेश जारी करके सभी बीएलओ को इसकी सूचना दी गई है। इससे बीएलओ में खुशी है और वे तेज गति से काम कर रहे हैं। सतीश मिश्र आकाशवाणी समाचार पीलीभीत।*

वहीं जौनपुर जिले के हिनौती गांव में बीएलओ सविता पटेल ने बताया कि इस कार्य में आम–जनमानस का सहयोग मिल रहा है। बाइट... सविता पटेल बीएसओ

*एसआईआर का फॉर्म है, घर–घर जाकर और जो आज तक 200 फॉर्म हो चुका है या 44 है, उसमें से 100 कर लिए है। जनता का भी सहयोग है।*

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने आज गाजियाबाद के निट्रा पहुँच कर अलसी की फसल का निरीक्षण किया और देश के पहले मैकेनिकल ज्वलन समानाधिक परीक्षण उपकरण को उद्योग जगत को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि अलसी की फसल का भविष्य बेहद उज्ज्वल है और यह भारत में वस्त्र जगत को नई दिशा देने वाला 'क्रांतिकारी फाइबर' साबित होगा।

——————————

केंद्र सरकार ने देश के मौजूदा श्रम कानूनों को सरल और कारगर बनाने के उद्देश्य से चार नई श्रम संहिताओं को लागू करने की घोषणा की है। उद्योग जगत और परामर्श संस्थाओं, भारतीय मजदूर संघ ने इन श्रम संहिताओं के लागू होने का स्वागत किया है। बरेली के मुकेश तिवारी ने कहा कि अलग–अलग क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए यह क्रांतिकारी कदम है। बाइट...

*निश्चित तौर पर जो भारत सरकार ने लेबर लॉ में जो हर चीज तो यह क्रांतिकारी करता क्योंकि आज के लॉ में बदलाव हुआ है। वह बदलाव में आने के बाद जो गैर सरकारी जो प्राइवेट सेक्टर में काम करते हैं चाहे वह फैक्ट्री में काम*

*करते हैं, चाहे खनन में काम करते हैं, मीडिया में काम करते हैं, डिफरेंट साइड में काम करते हैं खास महिलाएं हैं तुम्हारी। उनकी भी नाइट शिफ्ट है, उनके काम आप मतलब यूनिफॉर्म पॉलिसी लाइक और उसके माध्यम से प्रचारियों को जो प्राइवेट कर्मचारी हैं क्या कहें सुधार आएगा और उनकी सामाजिक सुरक्षा भी बढ़ेगी।*

—————————

**अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि परिसर में 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण से पहले पांच दिवसीय भव्य अनुष्ठान आरंभ हो चुका है। आज दूसरे दिन यज्ञमंडप में वैदिक आचार्यों ने पंचांग पूजन, गणपति पूजन और नवग्रह पूजन के उपरांत अनुष्ठान की सभी विधियां प्रारंभ कीं। वहीं प्रदेश के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण कार्यक्रम को लेकर सजावट और तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता शहर की सुंदरता और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देना है। बाइट..**

*हमारे देश के प्रधानमंत्री ने अपने संकल्प के अनुसार 25 तारीख को भगवान श्रीराम के मंदिर का ध्वजारोहण करके संपूर्णता प्रदान करेंगे और देश दुनिया में भगवान श्रीराम का पूर्ण मंदिर अब लोगों के दर्शन आकर खुलेगा।*

—————————

**राजधानी लखनऊ 61 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद भारत स्काउट्स और गाइड्स के महाकुम्भ 19वें राष्ट्रीय जम्बूरी की मेज़बानी के लिए पूरी तरह तैयार है। यह आयोजन कल से 29 नवंबर तक डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में होगा। 'सशक्तयुवा विकसित भारत' थीम पर आधारित इस 'डायमंड जुबली' कार्यक्रम में देश भर से लगभग 30 हजार**

स्काउट–गाइड और यूनिट लीडर्स के साथ 1500 विदेशी प्रतिभागियों समेत कुल 33 हजार से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

————————

काशी मं सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े हुए कलाकारों को मंच प्रदान करन के उद्देश्य से विगत दो वर्षों से काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस बार 19 नवंबर से शुरु हुए महोत्सव में तीन चरणों में प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं। पेश है एक रिपोर्ट...

*दो वर्षों की भांती इस वर्ष भी काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव–2025 तीन आयु वर्गों 10 से 18, 18 से 40 और 40 वर्ष से अधिक में चार विधाओं गायन, वादन, नृत्य व नुक्कड नाटक में आयोजित हो रही है। यह सम्पूर्ण प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित होती है। प्रथम चरण में न्याय पंचायत स्तर, द्वितीय चरण में विकास खंड एवं जोन तथा अंतिम चरण जनपद स्तर पर आयोजित होना है। काशी सांसद सांस्कृतिक महोत्सव के द्वितीय चरण की प्रतियोगिताएं गायन, वादन, नृत्य और नुक्कड नाटक में 23 स्थलो पर आयोजित हो चुकी है। जिसमें विभिन्न विधाओं में कुल तीन हजार 716 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग कर लिया है। मनीष सिंह आकाशवाणी समाचार वाराणसी।*

————————

गोवा के पणजी में 56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सितारों की चमक बरकरार है। फिल्म महोत्सव के तीसरे दिन एक विशेष मास्टरक्लास में प्रसिद्ध फिल्मकार विधु विनोद चोपड़ा ने जीवन, सिनेमा और कहानी की कला के बारे में बातचीत की। फिल्म महोत्सव के अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो देशभर के 16 राज्यों की लोक कला प्रस्तुतियाँ इफ्फी स्थल पर लेकर आया है। जम्मू–कश्मीर सूचना और

जनसंपर्क निदेशालय भी फिल्म महोत्सव में हिस्सा ले रहा है।

——————————